# बाराबंकी (उ0 प्र0) जिले की आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ

आलोक मिश्र
एसोसिएट प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग
जयनारायण पी0 जी0 कॉलेज, लखनऊ(उ0 प्र0)–226001, भारत
alok.1953.m@gmail.com

**सार**

प्रस्तुत शोध लेख बाराबंकी(उ0प्र0) जिले में व्याप्त 136 विदेशी वानस्पतिक प्रजातियों से संबंधित है। इनमें 59 आक्रामक श्रेणी की प्रजातियाँ हैं। यह सभी प्रजातियाँ पूरे जिले में फैली हुई हैं और यह क्षेत्र की जैव विविधता के लिए बड़ा संकट है।

**बीज शब्द**: बाराबंकी जिला(उ0 प्र0), आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ।

# Invasive alien species of District Barabanki(U.P)

Alok Misra
Associate Professor, Department of Botany
Jai Narayan Post Graduate College, Lucknow(U.P.)-226001, India
alok.1953.m@gmail.com

## Abstract

The present communication deals with 59 invasive alien species growing in Barabanki district (U.P.), out of 136 exotic species. They are well established in the area and a threat to biodiversity of the region.

Key words: District Barabanki(U.P.), invasive alien species.

## प्रस्तावना

आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ पौधों की वह प्रजातियाँ हैं, जो विदेश से किसी भाँति हमारे देश में प्रवेश करती हैं। यह प्रजातियाँ किसी नए स्थान पर अपने को स्थापित करने तथा विस्तारण की क्षमता रखती हैं। ऐसी प्रजातियाँ हमारे वनों, खेतों तथा अन्य स्थानों पर सरलता से उगती है और तीव्र गति से वृद्धि करती हैं। इन प्रजातियों की वृद्धि इतनी तेज होती है कि यह अल्प समय में ही पूरे क्षेत्र में फैल जाती हैं। सामान्यतया इनका विस्तारण बीजों द्वारा होता है और यह सरलता से एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँच जाती है। आई0 यू0 सी0 एन0 के अनुसार आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ वह हैं जो अपने को सुगमता से किसी भी परिस्थितिकी तंत्र में स्थापित कर लेती हैं। भारत में लगभग 40% प्रजातियाँ विदेशी हैं और इनमें 25% आक्रामक श्रेणी की हैं।

जलवायु की दृष्टि से, भारत में ऊँचे–ऊँचे पहाड़ हैं, उपजाऊ मैदान हैं, मरूस्थल हैं, घास के मैदान हैं और मीठे तथा खारे पानी के विभिन्न स्रोत हैं। भारत में लगभग 7,516 किलोमीटर समुद्री किनारे हैं। यह सभी जलवायु की परिस्थितियाँ विदेशी प्रजातियों को अनुकूल वातावरण प्रदान करती हैं, जिससे वह अपने को स्थापित करने में सक्षम होती हैं। प्रारम्भ से ही भारत में खाद्य पदार्थों तथा अन्य सामग्रियों का व्यापार विश्व के सभी देशों से होता चला आ रहा है। इस व्यापार के साथ ही अनेक विदेशी प्रजातियों का भी प्रवेश भारत में हुआ, मुख्यतः अनाज के व्यापार द्वारा। कुछ विदेशी प्रजातियाँ बागीचों में लगाने वाले पौधों के रूप में हमारे देश में प्रवेश कीं और कुछ प्रजातियाँ बागीचों से निकल कर अन्य क्षेत्रों में भी उगने लगी और वहाँ के वातावरण में उन्होंने अपने को स्थापित कर लिया।

जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश का एक उत्तर–पूर्वी जिला है। जो 7 अन्य जिलों से घिरा हुआ है। उत्तर में जिला सीतापुर, उत्तर–पूर्व दिशा में घाघरा नदी है जिसके उस पार जिला गोण्डा और बहराइच है। पूर्व में जिला फैजाबाद व दक्षिण में जिला सुल्तानपुर तथा रायबरेली है एवं पश्चिम में लखनऊ जिला है। जिले का क्षेत्रफल 4422 वर्ग किलोमीटर है। जिला बाराबंकी $26^0$ 33′ व $27^0$ 22′ उत्तर अक्षांश तथा $80^0$ 56′ व $81^0$ 52′ पूर्व देशान्तर पर स्थित है। जिला बाराबंकी अवध क्षेत्र का एक मैदानी भाग है, जो समुद्र से 395 मीटर ऊपर है। स्थलाकृति–दृष्टि से जिले को चार मुख्य भागों में

विभाजित किया जा सकता है, घाघरा–चौक दोयब, घाघरा बाढ़ मैदान, मध्य उच्चभूमि तथा गोमती बाढ़ क्षेत्र। घाघरा व गोमती जिले की प्रमुख नदियाँ हैं।

## सामग्री एवं विधि

जिला बाराबंकी की वनस्पतियों का अध्ययन करने के लिए जिले के अनेक सर्वेक्षण किए गये। प्रत्येक मौसम में जिले की सभी तहसीलों तथा ब्लॉक का सर्वेक्षण किया गया। पौधों को एकत्रित करके तथा उनका विवरण नोटबुक में लिखा गया। प्रयोगशाला में विधिवत् सुखाकर उन्हें वनस्पति संग्रहालय में रखा गया। इन वनस्पतियों की संदर्भग्रंथों द्वारा सही पहचान की गई तथा भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, देहरादून के संग्रहालय में रखी वनस्पतियों से तुलना कर उनकी पहचान की पुष्टि की गई। यह सभी वनस्पतियाँ, मेरठ विश्वविद्यालय के वनस्पति संग्रहालय में रखी गई हैं।

## अवलोकन

सर्वेक्षण से यह निष्कर्ष निकला कि जिले में आवृतबीजी पौधों की 877 विभिन्न प्रजातियाँ पायी जाती हैं। इनमें से 136 विदेशी प्रजातियाँ हैं। इन विदेशी प्रजातियों में 59 आक्रामक प्रजातियाँ हैं। यह सभी प्रजातियाँ लगभग पूरे जिले में फैली हुई हैं। कुछ आक्रामक प्रजातियाँ मनुष्य एवं पालतू पशु के लिए भी हानिकारक सिद्ध हुई हैं।

**आक्रामक विदेशी प्रजातियों की सूची**

| क्रम संख्या | वानस्पतिक नाम | कुल | देश |
|---|---|---|---|
| 1. | *एस्काइनोमिनी इन्डिका* एल. | फैबेसी | अमेरिका |
| 2. | *आईपोमिया कॉरनिया* जैक. | कॉनवालवुलेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 3. | *एलटाना कमारा* एल. वेरा. एक्यूलेटा मोल्ड. | वरबिनेसी | दक्षिण अमेरिका |
| 4. | *गौम्फरीना सिलोसिऔयडिस* मार्ट | एमरैन्थेसी | दक्षिण अमेरिका |
| 5. | *आरजीमौन मैक्सिकाना* एल. | पैपावरेसी | उष्णकटिबंधीय मध्य एवं दक्षिण अमेरिका |
| 6. | *आरजीमौन आक्रोल्यूका* स्वीट. | पैपावरेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 7. | *पारथीनियम हैस्टैरोफोरस* एल. | ऐस्टरेसी | अमेरिका |
| 8. | *स्कोपेरिया डिलसिस* एल. | स्क्रॉफूलिरीएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 9. | *मार्टीनिया अनुवा* एल. | मार्टीनिएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 10. | *रूएलिया ट्यूबरोसा* एल. | ऐकेन्थेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 11. | *बरलेरिया क्रिसटाटा* एल. | ऐकेन्थेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 12. | *आल्टरनेन्थरा पन्जैन्स* एचबी एवं के. | ऐमरेन्थेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 13. | *आल्टरनेन्थरा पैरोनीक्वायडिस* ए. एसटी. | ऐमरेन्थेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 14. | *क्रोटौन बानप्लैन्डियानम* बेल. | यूफौरबिएसी | दक्षिण अमेरिका |
| 15. | *पौरचुलाका क्वाड्रिफिडा* हुक. | पौरचुलैकेसी | ब्राज़ील |
| 16. | *सौन्कस ओलिरैसियस* एल. | ऐस्टरेसी | यूरोप |
| 17. | *मालवैस्ट्रम कोरामैन्डीलियानम* (एल.) गार्क. | मलवेसी | दक्षिण अमेरिका |
| 18. | *ऐजिरेटम कॉनीज़ोऔयडिस* एल. | ऐस्टरेसी | दक्षिण अमेरिका |
| 19. | *केसिया औक्सीडेन्टेलिस* एल. | सिज़लपिनेसी | दक्षिण अमेरिका |
| 20. | *केसिया टोरा* एल. | सिज़लपिनेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 21. | *केसिया औबट्यूसीफोलिया* एल. | सिज़लपिनेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 22. | *डतूरा इनौक्सिया* मिल. | सोलानेसी | मैक्सिको |
| 23. | *डतूरा मेटिल* एल. | सोलानेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 24. | *इकिलिप्टा प्रौसट्रेटा* एल. | ऐसटरेसी | दक्षिण अमेरिका |
| 25. | *यूफौरबिया प्रौसट्रेटा* एट. | यूफौरबिएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 26. | *जट्रोफा गॉसिपीफोलिया* एल. | यूफौरबिएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 27. | *रेसिनस कम्यूनिस* मिल. | यूफौरबिएसी | अफ्रीका |
| 28. | *ट्राइडेक्स प्रोकम्बैंस* एल. | ऐसटरेसी | मध्य अमेरिका |
| 29. | *यूरेना लोबेटा* एल. | मालवेसी | अफ्रीका |
| 30. | *आल्टरनेन्थरा फिक्वायडिस* (एल.) आर. बीआर. | ऐमरेन्थेसी | ब्राज़ील |
| 31. | *चीनोपोडियम एमब्रोस्वाइडिस* एल. | चीनोपेडिएसी | मैक्सिको |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32. | *रिवीनियाँ ह्यूमिलिस* एल. | फाइटोलेकेसी | अमेरिका |
| 33. | *आईकार्निया क्रैसिपिस* (मार्ट.) सोलमस. | मॉनटीडिरेसी | ब्राज़ील |
| 34. | *ट्राईबुलस टेरेस्ट्रिस* एल. | जाइगोफिल्लेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 35. | *आग्ज़ेलिस डिबिलिस* बे. कॉरिमबोसा | आग्ज़ेलिडेसी | यूरोप |
| 36. | *आग्ज़ेलिस रिकार्डियाना* बाबू | आग्ज़ेलिडेसी | मैक्सिको |
| 37. | *आग्ज़ेलिस कॉटनीकुलेटा* एल. | आग्ज़ेलिडेसी | यूरोप |
| 38. | *कामेयसी हिरटा* (एल.) मिल. | यूफोरबिएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 39. | *कसकुटा चाइनेन्सिस* एल. | कसकुटेसी | मेडिटेरेनियन |
| 40. | *इकीनोक्लोवा कोलोनी* (एल.) लिंक. | पोएसी | ब्राज़ील |
| 41. | *ईवाल्वुलस न्यूमूलैरिस* (एल.) एल. | कॅन्वालवुलेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 42. | *गेलेनसोगा पारवीफ्लोरा* कैव. | एसटेरेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 43. | *इमपरेटा सिलिन्ड्रिका* (एल.) रेमन्च. | पोएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 44. | *कैलोट्रिपिस जाईजेन्टिका* (एल.) आर.वीआर. | एसक्लीपिडेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 45. | *कैलोट्रापिस प्रॉसेरा* (एट.) आर. बीआर. | एसक्लीपिडेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 46. | *साईडा एक्यूटा* बर्न. एफ. | मालवेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 47. | *क्रोटान बानप्लैन्डियानम* बेल. | यूफोरबिएसी | उत्तरी अमेरिका |
| 48. | *मैलिलोटस एलबा* डेविस. | फैबेसी | यूरोप |
| 49. | *क्रोज़ोफोरा रॉटलराई* (गिईस.) स्पिग. | यूफोरबिएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 50. | *डाईजेरा म्यूरीकेटा* (एल.) मार्ट. | एमरेन्थेसी | दक्षिण–पश्चिम एशिया |
| 51. | *रोरिप्पा ड्यूबिया* (पर्स.) हारा | ब्रेसीकेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 52. | *निफेलियम पॉलिएनलान* पर्स. | ऐसटेरेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 53. | *सॉन्कस एसपर* हिल. | ऐसटेरेसी | मेडीटेरेनियन |
| 54. | *सॉन्कस ओलेरेसियस* एल. | ऐसटेरेसी | मेडीटेरेनियन |
| 55. | *मालवेस्ट्रम कोरामेन्डेलीयानम* (एल.) गैरिक. | मालवेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 56. | *निकोशियाना प्लमबैजिनीफोलिया* विव. | सोलेनेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 57. | *ट्राइमफेट्टा रामब्वाइडिया* जैक. | टीलिएसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 58. | *सइप्रस ईरिया* एल. | साईप्रेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |
| 59. | *क्लीओम विसकोसा* एल. | क्लीओमेसी | उष्णकटिबंधीय अमेरिका |

आभार

मैं प्रोफेसर(स्व0) वाई0 एस0 मूर्ती का ह्रदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके कुशल नेतृत्व में यह कार्य सम्पन्न हुआ। मैं भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, देहरादून का भी आभारी हूँ जिन्होंने इन प्रजातियों को पहचानने में अपनी सहायता प्रदान की। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली, श्री जयनारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रबन्धतंत्र तथा प्राचार्य का भी आभारी हूँ, जिन्होंने अवकाश एवं वित्तीय सहायता प्रदान की।


## संदर्भ

1. बाबू, सी0 आर0(1977) हरबेशियस फ्लोरा ऑफ देहरादून, सी0 एस0 आई0 आर0, नई दिल्ली।
2. जैन, एस0 के0 तथा राव, आर0 आर0(1977) ए हैन्ड बुक ऑफ फील्ड एण्ड हरबेरियम मेथड्स, टुडे एण्ड टुमारोज प्रिन्टर एण्ड पब्लिशर, नई दिल्ली।
3. डॉथी, जे0 एफ0(1903–1929) फ्लोरा ऑफ द अपर गैन्जिटिक प्लेन एण्ड ऑफ द एडजेसेन्ट शिवालिक एण्ड सब–हिमालयन ट्रैक्स, खण्ड 3, भारत सरकार, सेन्ट्रल पब्लिकेशन ब्रान्च, कलकत्ता।
4. नायर, एम0 पी0 तथा शास्त्री, ए0 आर0 के0(1987) रेड डाटा बुक ऑफ इण्डियन प्लान्ट्स, नई दिल्ली।
5. महेश्वरी, जे0 के0(1963) दि फ्लोरा ऑफ दिल्ली, सी0 एस0 आई0 आर0, नई दिल्ली।
6. रघुवंशी, ए0 एस0; राय, एल0 सी0; गौड़, जे0 पी0 तथा सिंह, जे0 एस0(2005) इनवेज़िव ऐलिएन स्पीसीज एण्ड बायोडाइवर्सिटी इन इण्डिया, करेन्ट साइंस, खण्ड 88, अंक 4, मु0 पृ0 539–540।
7. रेड्डी, सुधाकर; बग्यानारायना, जी0; रेड्डी, के0 एन0 तथा वतसव्या, एस0 राजू(2008) इनवेजिव ऐलियन फ्लोरा ऑफ इण्डिया, नेशनल बायोलॉजिकल इनफारमेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर, यू0 एस0 ए0 एस0, यू0 एस0 ए0।

## आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ



*आल्टारनेन्थराप ैरोनीक्वायडिसए .एसटी.*




*प्रौसोपिसज ूलीफ्लोराड ीसी*



*लैन्टानाक मारा लिन.व ेरा.ए क्यूलेटाम ोल्ड.*



*गौम्फरीना सिलोसिऔयडिसम ार्ट*



*यूरेनाल ोबेटा लिन.*



*आरजीमॉनअ ा ोल्यूकार वीट*

## आक्रामक विदेशी प्रजातियाँ



*गेलेनसोगा पारवीफ्लोरा कैव.*



*इम्परेटा सिलिन्डिका लिन. रैयनि I.*



*कैमाइसीस हिरटा लिन. मिल.*



*कसकुटा चाइनैन्सिस लैम.*



*एजीरेटम कोनीज्वाडिस लिन.*



*आईकार्निया "सिप्स सी. मारटिस. सोलमस–लाउब*